**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh**

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्,छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर**

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

क्रमांक / SCERT/NIOS/परीक्षा / 2018 / 1953 रायपुर, दिनांक 26.05.2018

**प्रति,**

1.समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
2.समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
3.समस्त अध्ययन केन्द्र, SCERTCG- NIOS
4.समस्त परीक्षा केन्द्र, D.El.Ed. परीक्षा केन्द्र - NIOS

**विषयः**– NIOS द्वारा मई–जून, 2018 के परीक्षा के संबंध में।

**संदर्भः**– NIOS का पत्र क्र. F-4-2/2018/NIOS/Eval./RC 15 May 2018.

---000---

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा 31 मई से 02 जून तक प्रारंभिक विद्यालयों में अप्रशिक्षित शिक्षकों हेतु प्रथम सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा के संबंध में निर्देश –

1. समस्त अध्ययन केन्द्र प्रभारी सुनिश्चित करें कि आपके केन्द्र से 75 प्रतिशत (अर्थात् 15 दिवस संपर्क कक्षाओं में से 11 दिवस कक्षाओं) से कम उपस्थिति की सूची अपने परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध करावें।
2. समस्त परीक्षा केन्द्राध्यक्ष सुनिश्चित करें कि आपके यहां परीक्षा में शामिल केन्द्रों से 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति की सूची संबंधित अध्ययन केन्द्रों से प्राप्त करें। यदि किसी अध्ययन केन्द्र से कम उपस्थिति की सूची प्राप्त नहीं होती है तो इसका अर्थ होगा कि उस अध्ययन केन्द्र में सभी परीक्षार्थियों की उपस्थिति 75 प्रतिशत से अधिक है।
3. समस्त परीक्षा केन्द्राध्यक्ष प्रश्न पत्र के कस्टोडियन (जिला मजिस्ट्रेट अथवा उनके नामित प्रतिनिधि) से मिलकर प्रश्न पत्रों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें यदि प्रश्न पत्र कम हो तो तत्काल क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान रायपुर से **मो.न. 7987112316 एवं 9910224470** पर संपर्क करें।
4. समस्त परीक्षा केन्द्राध्यक्ष सुनिश्चित करें कि आपको पर्याप्त संस्था में उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हो गई है। यदि दिनांक 27.05.2018 तक पर्याप्त उत्तर पुस्तिका उपलब्ध नहीं होने पर तत्काल क्षेत्रीय निदेशक NIOS रायपुर से संपर्क करें व उत्तर पुस्तिका डाइट के सहयोग से प्राप्त करें।
5. राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ के वेबसाइट http://scert.cg.gov.in में परीक्षा के संबंधित विस्तृत निर्देशों का पालन करें।
6. प्रत्येक 40 छात्रों पर दो पर्यवेक्षक नियुक्त किये जायें।

7. प्रश्न पत्र वितरण के तुरंत बाद परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र में रोल नम्बर लिखने का निर्देश दें।
8. किसी भी परीक्षार्थी को आधे घंटा से अधिक विलम्ब होने पर परीक्षा हेतु अनुमति न दें।
9. परीक्षार्थी को एक घंटे तीस मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति न दें।
10. प्रत्येक परीक्षार्थी को केवल एक उत्तर पुस्तिका दी जायेगी, पूरक उत्तर पुस्तिका का प्रावधान नहीं है। अतः परीक्षार्थी को परीक्षा आरंभ के समय ही सूचित कर दें।
11. उपस्थिति पत्रक की कुल तीन प्रतियाँ बनाये, प्रथम प्रति उत्तर पुस्तिका के साथ रखें, दूसरी प्रति अपने पास सुरक्षित रखें एवं तीसरी प्रति कार्यालय में समस्त बिल एवं वाऊचर के साथ अप्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं के साथ जमा करें।
12. यदि किसी तकनीकी कारणवश किसी परीक्षार्थी के हाल टिकट NIOS के वेब साइट से नहीं निकलता है तो संबंधित अध्ययन केन्द्र अंतरिम हाल टिकट (Provisional Hall Ticket) जारी करेंगे। Provisional Hall Ticket जारी करने के पूर्व कृपया सुनिश्चित करें कि –

    (i) परीक्षार्थी आपके यहाँ 501, 502, 503 की संपर्क कक्षाओं में 75 प्रतिशत (15 दिवस की संपर्क कक्षा में से कम से कम 11 दिवस) उपस्थित रहा हो।

    (ii) परीक्षार्थी को NIOS द्वारा 14 अंकों का Enrollment Nubmber जारी कर दिया गया है।

    (iii) परीक्षार्थी ने मई–जून, 2018 हेतु परीक्षा फीस जमा कर दिया है। (परीक्षा फीस जमा करने की स्थिति Enrollment Number के साथ dled.nios.ac.in वेब साइट पर मोबाईल फोन के माध्यम से भी चेक किया जा सकता है)

    (iv) जिन परीक्षार्थियों ने मई–जून, 2018 हेतु परीक्षा फीस का भुगतान नहीं किया है उन्हें किसी भी परिस्थिति में Provisional Hall Ticket जारी नहीं करना है।

**Provisional Hall Ticket का Sample Proforma**

**अंतरिम हाल टिकट (Provisional Hall Ticket)**

परीक्षार्थी का रिफरेंस क्रमांक : ..........................................................

परीक्षार्थी का एनरोलमेंट नम्बर : ..........................................................

परीक्षार्थी का नाम : ..........................................................

अध्ययन केन्द्र का क्रमांक : ..........................................................

अध्ययन केन्द्र का नाम : ..........................................................

परीक्षा केन्द्र क्रमांक : ..........................................................

परीक्षा केन्द्र का नाम : ..........................................................

15 दिवस संपर्क कक्षाओं में कम से कम 11 दिवस उपस्थित रहा है।

अध्ययन केन्द्र प्रभारी / अध्ययन केन्द्र समन्वयक

सील सहित

दिनांक ................................................

13. अंतरिम हाल टिकट (Provisional Hall Ticket) के परीक्षार्थियों के उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के संबंध में निर्णय राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा लिया जायेगा।
14. जिन परीक्षार्थियों के फीस के भुगतान के समय Payment failure हुए हैं उन्हें फीस जमा करने के साक्ष्य के साथ क्षेत्रीय निदेशक, बी.टी.आई. मैदान, शंकर नगर, रायपुर में संपर्क करने का निर्देश दें। दूरभाष क्रमांक – 0771–2442147 / 2442167 पर संपर्क करें।
15. यदि किसी कारणवश डाकघर से उत्तर पुस्तिकाएँ उसी दिन न भेजी जा सके, तो उसे स्थानीय पुलिस थाने में रखा जाना है। इस हेतु थाना प्रभारी को इस पत्र के संदर्भ में सूचित कर दें।

(डॉ. सुनीता जैन)
अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक / SCERT/NIOS/परीक्षा / 2018 / 1954 रायपुर, दिनांक 26.05.2018

प्रतिलिपि

1. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक सहयोग हेतु।
3. सचिव, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नोएडा।
4. निदेशक, (मूल्यांकन) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नोएडा।
5. कलेक्टर, जिला– .................................. को सूचनार्थ।
6. पुलिस अधीक्षक, जिला – .............................. को आवश्यक सहयोग हेतु।
7. क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, रायपुर

अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छत्तीसगढ़

**State Council of Educational Research & Training, Chhattisgarh**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्,छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email:scertcg@gmail.com

क्रमांक / SCERT/NIOS/परीक्षा / 2018 / 1955 रायपुर, दिनांक 26.05.2018

**प्रति,**

समस्त केन्द्राध्यक्ष

NIOS D.El.Ed. परीक्षा मई–जून, 2018

**विषयः–** परीक्षा उपरांत उत्तर पुस्तिका क्षेत्रीय निदेशक, पटना को भेजने बाबत्।

**संदर्भः–** क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, रायपुर का पत्र क्रमांक F-No.612-1/2017/NIOS/D.El.Ed/1265 दिनांक 24.05.2018

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि NIOS D.El.Ed. परीक्षा मई–जून, 2018 की उत्तर पुस्तिकाएँ सील बंद कर क्षेत्रीय निदेशक, पटना को स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड पार्सल के माध्यम से निम्नलिखित पते पर भेजना सुनिश्चित करें –

**Regional Director**
**NIOS Regional Centre**
**Lalit Bhawan, Ground Floor,**
**Jawahar Lal Nehru Marg,**
**Patna - 800001**

पैकेट के ऊपर स्पष्ट रूप से परीक्षा केन्द्र का कोड परीक्षा केन्द्र का नाम, जिला एवं राज्य अंकित करें।

(संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

(डॉ. सुनीता जैन)
अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छत्तीसगढ़

पृ.क्रमांक / SCERT/NIOS/परीक्षा / 2018 / 1956 रायपुर, दिनांक 26.05.2018

प्रतिलिपि –

1. सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. निदेशक (मूल्यांकन), राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नोएडा।
3. कलेक्टर जिला ............................ को सूचनार्थ।
4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, छत्तीसगढ़ को कृपया सभी परीक्षा केन्द्रों को निर्देशित करने हेतु।
5. समस्त प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, छत्तीसगढ़ को कृपया सभी परीक्षा केन्द्रों को निर्देशित करने हेतु।

अतिरिक्त संचालक
एस.सी.ई.आर.टी.,छत्तीसगढ